सा० का० नि० 460 (अ).—केन्द्रीय सरकार, अतिरिक्त परिलब्धियां (अनिवार्य निक्षेप) अधिनियम, 1974 (1974 का 37) की धारा 10 की उपधारा (1), तथा उसे इस निमित्त समर्थ बनाने वाली सभी अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सरकार और स्थानीय प्राधिकारियों के कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इस स्कीम का संक्षिप्त नाम अतिरिक्त उपलब्धियां अनिवार्य निक्षेप (सरकार और स्थानीय प्राधिकारियों के कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारी) स्कीम, 1974 है ।

(2) यह 1974 की जुलाई के छठे दिन को प्रवृत्त हुई समझी जाएगी ।

2. **परिभाषाएं.**—इस स्कीम में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से अतिरिक्त उपलब्धियां (अनिवार्य निक्षेप) अधिनियम, 1974 (1974 का 37) अभिप्रेत है ;

(ख) "बैंक" से अभिप्रेत है—

(i) भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 (1955 का 23) के अधीन गठित भारतीय स्टेट बैंक ;

(ii) भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 (1959 का 38) में यथा परिभाषित समनुषंगी बैंक ;

(iii) बककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 3 के अधीन गठित तत्स्थानी नया बैंक; और

(iv) कोई अन्य बैंक जो भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित बैंक हो ;

(ग) "कटौती" से किसी कर्मचारी की उपलब्धियों में से धारा 6 के अधीन काटी गई रकम अभिप्रेत है ;

(घ) प्रथम अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट नाम निर्दिष्ट प्राधिकारी के सम्बन्ध में 'निक्षेप कार्यालय' से अभिप्रेत है उस अनुसूची के स्तम्भ (4) में तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट निक्षेप कार्यालय ;

(ङ) 'कर्मचारी' से अभिप्रेत है किसी स्थापन का कोई कर्मचारी और इसके अन्तर्गत सम्मिलित है—

(i) केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकारी का वह कर्मचारी जो ऐसे स्थापन में प्रतिनियुक्त है ; और

(ii) केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकारी का वह कर्मचारी जो धारा 3 के खण्ड (क) से लेकर (ज) तक में विनिर्दिष्ट किसी कम्पनी या किसी अन्य निगम, जिसके अन्तर्गत सोसाइटी या निकाय भी है, या किसी व्यष्टि या व्यक्तियों के संगम या व्यक्तियों के निकाय, या किसी स्थापन की सेवा में प्रतिनियुक्त है ;

(च) 'स्थापन' से धारा 3 के खण्ड (च) से लेकर (ज) तक में विनिर्दिष्ट स्थापन अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत उसी धारा के खण्ड (ग) से लेकर (ङ) तक में विनिर्दिष्ट कोई कम्पनी, कोई अन्य निगम, जिसके अन्तर्गत कोई सोसाईटी या निकाय भी है, और कोई व्यष्टि, व्यक्तियों का संगम या व्यष्टियों का निकाय, सम्मिलित है ;

(छ) 'प्ररूप' से द्वितीय अनुसूची में उपवर्णित प्ररूप अभिप्रेत है ;

(ज) किसी कर्मचारी के सम्बन्ध में 'खाता-लेखा' से प्ररूप च में रखा जाने वाला लेखा अभिप्रत है ;

(झ) प्रथम अनुसूची के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट अधिकारिता के भीतर स्थित स्थापन के किसी विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के सम्बन्ध में, "नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी" से अभिप्रेत है वह प्राधिकारी जो उसी अनुसूची के स्तम्भ (2) में तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट है ;

(ञ) 'पैरा' से इस स्कीम का पैरा और 'उप-परा' से उस पैरा का, जिसमें वह आता है। उप-पैरा अभिप्रेत है ,

(ट) 'अनुसूची' से इस स्कीम से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ;

(ठ) 'धारा' से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है

(ड) 'विनिर्दिष्ट प्राधिकारी' से परा 3 में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी अभिप्रत है ।

3. **विनिर्दिष्ट प्राधिकारी.**—(क) किसी स्थापन के कर्मचारियों के सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी ऐसे स्थापन का नियोजक होगा ; और

(ख) ठेकेदार द्वारा या उसके माध्यम से संविद् श्रमिक (विनियमन तथा उत्सादन) अधिनियम, 1970 (1970 का 37) के अधीन नियोजित कर्मचारियों के सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी वह नियोजक होगा जो ऐसे ठेकेदार को रखता है ।

4. **कूट संख्याओं का आबंटन.**—(1) इस स्कीम के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख का विद्यमान किसी स्थापन के सम्बन्ध में, ऐसी तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर और ऐसी तारीख के पश्चात् किसी समय स्थापित किए जाने वाले स्थापन के सम्बन्ध में, ऐसे स्थापन के स्थापित किए जाने के पन्द्रह दिन के भीतर, हर विनिर्दिष्ट प्राधिकारी—

(क) अपने स्थापन के नाम और पते ; और

(ख) उन स्वामियों, कब्जाधारकों, निदेशकों, भागीदारों, प्रबन्धक या किसी अन्य व्यक्ति या किन्हीं अन्य व्यक्तियों के नाम, जिनका स्थापन के मामलों में परम नियंत्रण हो, प्रस्तुत करेगा ;

परन्तु इस पैरा में विनिर्दिष्ट विशिष्टियों में कोई परिवर्तन विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को ऐसा परिवर्तन होने के पन्द्रह दिन के भीतर सूचित किया जाएगा ;

परन्तु यह और कि जहां विनिर्दिष्ट प्राधिकारी ने इस पैरा के अधीन अपेक्षित जानकारी नाम निर्दिष्ट प्राधिकारी को उपरोक्त तारीख के पूर्व दी हो वहां उससे पुनः ऐसी जानकारी देने की अपेक्षा नहीं की जाएगी ;

परन्तु यह और भी कि जहां किसी कर्मचारी के दो या अधिक स्थापन या उनकी शाखाएं हैं उसी आस्थान पर या विभिन्न स्थानों पर हों वहां वह नियोजक जिसका उस स्थापन या शाखा के मामलों पर परम नियंत्रण हो, उस नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी के अनुमोदन से जिसकी उस क्षेत्र पर, जहां ऐसे नियोजक का कार्यालय स्थित है, अधिकारिता हो, यह विनिश्चय करेगा कि एक ही विनिर्दिष्ट प्राधिकारी आवश्यक होगा या अधिक तथा इस प्रकार विनिर्दिष्ट प्राधिकारी इस पैरा में विनिर्दिष्ट अपेक्षित विशिष्टियां प्रस्तुत करेगा ।

(2) नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी, उप-पैरा (1) में निर्दिष्ट जानकारी प्राप्त होने पर विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को एक कूट संख्या आवंटित करेगा और उसकी सूचना विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को देगा

5. **विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा मजदूरी या महंगाई भत्ते के पुनरीक्षण की विशिष्टियों का प्रस्तुत किया जाना**—प्रत्येक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी, राजपत्र में स्कीम के प्रकाशन के दस दिन के भीतर, नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को मजदूरी या महंगाई भत्ते के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में किसी न्यायालय, अभिकरण या अन्य प्राधिकारी की डिग्री, पंचाट या आदेश, अथवा करार या व्यवस्था की प्रति रजिस्ट्रीकृत डाक से भेजेगा और जहां मजदूरी या महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण उपरोक्त रीति से भिन्न रीति से किया जाए वहां मजदूरी या महंगाई भत्ते के ऐसे पुनरीक्षण की पूर्ण विशिष्टियों का उल्लेख करते हुए एक सूचना भेजेगा ।

परन्तु यह और कि जहां विनिर्दिष्ट प्राधिकारी ने इस पैरा के अधीन अपेक्षित जानकारी नाम निर्दिष्ट प्राधिकारी को उपरोक्त तारीख के पूर्व दे दी हो वहां उससे ऐसी जानकारी पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी ।

6. **अनिवार्य निक्षेप के लिए कटौतियां करने की रीति**.—प्रत्येक कटौती धारा 11 में विनिर्दिष्ट रीति से पूर्णांकित की जाएगी :

परन्तु जहां एक ही बार में दो या अधिक मजदूरी-अवधियों के लिए कटौतियां की जाएं वहां ऐसी प्रत्येक अवधि के लिए की गई कटौती पृथक-पृथक रूप से पूर्णांकित की जाएगी ।

7. **कर्मचारियों से की गई कटौतियों का प्रेषण**.—(1) विनिर्दिष्ट प्राधिकारी, प्रत्येक मास की समाप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर, एतत्पश्चात विनिर्दिष्ट रीति से, उस मास के लिए संविनियत उपलब्धियों में से कटौतियों की कुल रकम, जिसमें उन कर्मचारियों के सम्बन्ध में की गई कटौतियां सम्मिलित हैं जो अपने उपलब्धियां स्वयं निकालते हैं, प्रेषित करेगा ।

(2) अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाता और अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खाता में से प्रत्येक के सम्बन्ध में हर प्रेषण पृथक चैक या मांगदेय ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा । ऐसा चैक या मांगदेय ड्राफ्ट—

(क) उसी आस्थान पर स्थित, जहां निक्षेप कार्यालय स्थित है, किसी बैंक के नाम जारी किया जाएगा ;

(ख) 'पाने वाले के खाते' (अकाऊंट पेयी) शब्दों से अंकित होगा और, यथा स्थिति, "प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त— अ उ (अ नि) मजदूरी खाता" या "प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त—अ उ (अ नि) महंगाई भत्ता खाता" के पक्ष में होगा ;

(ग) जैसा उपयुक्त हो, प्ररूप 'क' में या प्ररूप 'ख' में, दो प्रतियों में चालान के साथ, निक्षेप कार्यालय को निविदित किया जाएगा, या रजिस्ट्री डाक से भेजा जाएगा ।

(3) जहां कोई प्रेषण मांगदेय ड्राफ्ट द्वारा किया जाए वहां ड्राफ्ट जारी करने वाला बैंक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को प्ररूप 'ग' में एक संदाय प्रमाणपत्र देगा ।

(4) जहां प्रेषण चैक द्वारा किया जाए वहां निक्षेप कार्यालय विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को एक रसीद प्ररूप 'घ' में देगा ।

(5) विनिर्दिष्ट प्राधिकारी चैक या मांगदेय ड्राफ्ट के निविदित किए जाने या रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजे जाने के पांच दिन के भीतर नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को प्ररूप "ङ०" में एक विवरण भेजेगा ।

(6) निक्षेप कार्यालय उप-पैरा (2) के खण्ड (ग) में निर्दिष्ट प्ररूप "क" या प्ररूप "ख" की द्वितीय प्रति सम्यक्रूप से प्राप्ति-पुष्टि के साथ, नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को भेजेगा ।

(7) ठेकेदार द्वारा या उसके माध्यम से नियोजित कर्मचारियों की दशा में ठेकेदार ऐसी जानकारी देगा जैसी कि विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा उसे इस स्कीम के उपबन्धों का अनुपालन करने के लिए समर्थ बनाने के लिए अपेक्षित हो ।

8. **खाता-लेखा.**—विनिर्दिष्ट प्राधिकारी, प्रत्येक कर्मचारी के नाम में अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाता और अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खाता के स्तम्भ में पृथक्-पृथक् खाता-लेखा "च" या उससे यथा सम्भव मिलते प्ररूप में, खोलेगा और रखेगा ।

9. **नामनिर्देशन.**—(1) कर्मचारी प्ररूप "छ" या उससे यथा सम्भव मिलते प्ररूप में, एक अथवा अधिक व्यक्तियों को नामनिर्दिष्ट कर सकेगा जो कि खाता-लेखा में उस कर्मचारी के नाम जमा रकम को, ब्याज सहित, उस दशा में प्राप्त करने का हकदार होगा जब कर्मचारी की मृत्यु अन्तिम वार्षिक किश्त के देय होने के पूर्व, या देय हो जाने के पश्चात् किन्तु संदाय किए जाने के पूर्व, हो जाए ।

(2) जब उप-पैरा (1) में निर्दिष्ट रकम और उस पर ब्याज दो या अधिक नामनिर्देशितियों को देय हो और उनकी या उनमें से किसी की मृत्यु ऐसा संदाय हो जाने के पूर्व हो जाती है तो रकम उत्तरजीवी नामनिर्देशिती या नामनिर्देशितियों को संदत्त की जाएगी ।

(3) कर्मचारी द्वारा किया गया नामनिर्देशित प्ररूप "ज" या यथासम्भव उससे मिलते प्ररूप में किए गए नए नामनिर्देशन द्वारा रद्द किया जा सकेगा या बदला जा सकेगा ।

(4) प्रत्येक नामनिर्देशन और उसका रद्दकरण या उसमें परिवर्तन विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा उसकी प्राप्ति की तारीख से प्रभावी होगा और लेखा-खाता में दर्ज किया जाएगा ।

(5) यदि नामनिर्देशिती अवस्यक है तो कर्मचारी ऐसे अल्पवयस्क की ओर से, जब तक कि अल्पवयस्क वयस्कता की आयु प्राप्त नहीं कर लेता, कर्मचारी की मृत्यु की दशा में शोध्य रकम प्राप्त करने के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त कर सकता है ।

(6) जहां कर्मचारी ने कोई नामनिर्देशन नहीं किया हो वहां खाता-लेखा में उसके नाम में जमा रकम, उस पर ब्याज सहित, उसकी मृत्यु हो जाने की दशा में, —

(क) परिवार के सभी सदस्यों को समान अंशों में देय होगी :

परन्तु मृतक के पुत्र की विधवा या विधवाएं, बालक या संतान केवल उस अंश को आपस में समान भाग में प्राप्त करेंगे जो मृतक के पुत्र को कर्मचारी का उत्तरजीवी होने की दशा में प्राप्त होता ;

(ख) यदि कोई परिवार नहीं है तो ऐसे व्यक्ति को देय होगी जो प्रोबेट या प्रशासन-पत्र या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का 39) के अधीन जारी किया गया उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, जिसके द्वारा धारक को ऐसा संदाय प्राप्त करने का हकदार बनाया गया हो, पेश करता है ।

परन्तु यह कि यदि कुल देय रकम पच्चीस सौ रुपए से अधिक नहीं है तो विनिर्दिष्ट प्राधिकारी ऐसा प्रोबेट या प्रशासन-पत्र या उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र पेश करने की अपेक्षा का अधित्यजन कर सकता है और रकम का संदाय ऐसे व्यक्ति को कर सकता है जो उसको उसे प्राप्त करने का हकदार प्रतीत हो ।

स्पष्टीकरण : (क) इस उप-पैरा में, किसी कर्मचारी के सम्बन्ध में, "कुटुम्ब" से अभिप्रेत है :

(i) पुरुष कर्मचारी की दशा में, उसकी पत्नी, उसकी संतान, चाहे विवाहित हो या अविवाहित, कर्मचारी पर आश्रित उसके माता-पिता तथा उसके पूर्व मृत पुत्र की विधवा या संतान, यदि कोई हो;

(ii) महिला कर्मचारी की दशा में, उसका पति, उसकी संतान, चाहे विवाहित हो या अविवाहित, कर्मचारी पर आश्रित उसके माता-पिता और उसके पूर्व मृत पुत्र की विधवा या संतान, यदि कोई हो ।

(ख) जहां कर्मचारी की स्वीय विधि उसे बालक के दत्तक ग्रहण करने की अनुमति देती हो वहां उसके द्वारा विधिवत् दत्तक गृहीत बालकी उस के परिवार में सम्मिलित समझा जाएगा और जहां किसी कर्मचारी का बालक किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दत्तक ग्रहण किया गया है और ऐसा दत्तक ग्रहण, ऐसा दत्तकग्रहण करने वाले व्यक्ति की स्वीय विधि के अधीन विधिपूर्ण है, वहां ऐसा बालक कर्मचारी के परिवार से अपवर्जित समझा जाएगा ।

10. **ब्याज.**— प्रत्येक कटौती पर उस मास के, जिसमें ऐसी कटौती नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रेषित की जाती है, प्रथम दिन से, धारा 7 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट दर पर, साधारण ब्याज मिलेगा :

परन्तु यह कि यदि किसी मास के प्रथम दिन के पश्चात् बैंक निक्षेपदर में परिवर्तन हो जाता है तो ब्याज की पुनरीक्षित दर उत्तरवर्ती मास के प्रथम दिन से प्रभावी होगा :

परन्तु यह और कि उस मास में,

(क) उस मास की किसी अवधि के लिए अतिरिक्त मजदूरी और अतिरिक्त महंगाई भत्ता की बाबत ; या

(ख) उस मास की दसवीं तारीख के पश्चात् कर्मचारी को संदत्त, मजदूरी पुनरीक्षण के कारण या अन्यथा परिणामित अतिरिक्त मजदूरी या महंगाई भत्ते की बाबत, जिसमें बकाया भी है,

कोई ब्याज उद्भूत नहीं होगा ।

परन्तु यह भी कि किसी रकम पर उस मास में कोई ब्याज उद्भूत नहीं होगा जिसमें कि वह प्रतिसंदेय हो जाए और, यथा स्थिति, कर्मचारी को या उसके नामनिर्देशिती को निविदत्त की जाए तथा ऐसा कर्मचारी या नामनिर्देशिती किसी भी कारणवश उस रकम को प्राप्त करने में चूक करे ।

11. **नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा खाते का रखा जाना.**—(1) नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी, किसी विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के सम्बन्ध में, अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप तथा अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप के लिए पृथक्-पृथक् खाता प्ररूप 'ङ' में रखेगा ।

(2) (क) नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी प्रत्येक वर्ष के अन्त में यह सत्यापित करेगा कि प्ररूप 'ङ' में रखे गए खाते में दिखाया गया अतिशेष और ब्याज, विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा पैरा 14 के उप-पैरा (3) के अधीन प्रस्तुत किए गए प्ररूप 'ढ' में खाता-लेखा की वार्षिक संक्षिप्ति से मेल खाता है या नहीं ।

(ख) यदि नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को कोई असंगति ज्ञात होती है तो वह, विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के परामर्श से, ऐसी असंगति को दूर करेगा ।

12. **प्रतिसंदाय.**—(1) विनिर्दिष्ट प्राधिकारी, अतिरिक्त मजदूरी और अतिरिक्त महंगाई भत्ता के लिए, धारा 9 की उपधारा (2) के अधीन प्रतिसंदाय करने के प्रयोजन के लिए अपेक्षित रकमें पृथक्-पृथक् प्राक्कलित करेगा और प्रत्येक वर्ष जून के अन्तिम दिन के पूर्व नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को प्ररूप 'ट' में आवेदन करेगा ।

(2) नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी,—

(क) प्ररूप 'ग' में रखे गए खाते के प्रति निर्देश से, विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा प्रतिसंदेय कुल रकम और, देय ब्याज की संगणना करेगा ; और

(ख) इस प्रकार संगणित रकम, किन्तु जो उप-पैरा (1) के अन्तर्गत मांगी गई रकम से अधिक न हो, विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को उपलब्ध कराएगा ।

(3) विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कर्मचारी को प्रतिसंदेय रकमों का संवितरण उस रकम को नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी से प्राप्ति के दस दिनों के भीतर करेगा और संवितरण के तीन दिन के भीतर नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को संवितरण के ब्यौरे प्ररूप 'ट' में प्रस्तुत करेगा ।

(4) जहां, किसी भी कारणवश, नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा उप-पैरा (2) के अधीन उपलब्ध कराई गई कुल रकम या उसका कोई भाग उसकी प्राप्ति के दस दिन के भीतर संवितरित नहीं किया जा सकता हो वहां विनिर्दिष्ट प्राधिकारी असंवितरित रकम को, पैरा 7 के उप-पैरा (2) में उल्लिखित प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए, इस प्रकार वापस कर देगा मानो वह कटौतियों का प्रेषण हो । प्रत्येक चालान पर, जो कि इस बात के अनुसार कि असंवितरित रकम अतिरिक्त मजदूरी से संबंधित है या अतिरिक्त महंगाई भत्ते से, प्ररूप 'क' या प्ररूप 'ख' में होगा ; "असंवितरित रकम की वापसी" शब्द लाल स्याही से अंकित किए जाएंगे ।

(5) जहां कोई प्रतिसंदाय धारा 9 की उपधारा (1) के तृतीय परन्तुक के अधीन किया जाना हो वहां विनिर्दिष्ट प्राधिकारी—

(क) कर्मचारी की अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्ति के दस दिन पूर्व; और

(ख) किसी अन्य मामले में, उस घटना के होने के ठीक पूर्व जिसके कारण प्रतिसंदाय आवश्यक हो,

प्ररूप 'घ' में आवेदन करेगा और विनिर्दिष्ट प्राधिकारी और नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी प्रतिसंदाय करने में उप-पैरा (1) से (4) तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का अनुसरण करेंगे ।

13. **कर्मचारियों के स्थानान्तरण पर लेखाओं का समायोजन** —(1) किसी कर्मचारी का एक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से दूसरे की अधिकारिता में स्थानान्तरण होने पर, चाहे वह एक नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी की अधिकारिता के भीतर हो, अन्यथा, वह विनिर्दिष्ट प्राधिकारी जिसकी अधिकारिता से कर्मचारी का स्थानान्तरण हो (जिसे इसमें इसके पश्चात अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के रूप में निर्दिष्ट किया गया है)—

(क) खाता-लेखा को, उसमें सभी कटौतियों की, जिसमें स्थानान्तरण के मास के दौरान की गई कटौतियां भी हैं, और कटौतियों पर स्थानान्तरण के पूर्ववर्ती मास की समाप्ति पर्यन्त अर्जित ब्याज की, प्रविष्टियां करके पूरा करेगा ;

(ख) खाता लेखा में स्थानान्तरण की समुचित प्रविष्टि करेगा और खाते को 'शून्य' अतिशेष दिखा कर बन्द करेगा ;

(ग) खाता लेखा की एक प्राधिकृत प्रति, कर्मचारी के सबसे अन्तिम नामनिर्देशन के प्ररूप के साथ (जो मूल रूप में होगा), उस विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को जिसकी अधिकारिता में कर्मचारी का स्थानान्तरण हुआ है (जिसे इसमें इसके पश्चात् अन्तरिती विनिर्दिष्ट

प्राधिकारी के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) रजिस्ट्रीकृत डाक से अग्रेषित करेगा; और

(घ) अन्तरिम खाते को संक्षिप्त प्ररूप "ठ" में तैयार किया और—

(i) उसकी तीन प्रतियां अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को भेजेगा यदि ऐसा प्राधिकारी उसी नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी की प्राधिकारिता के भीतर कृत्य कर रहा है अथवा यदि अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से किसी भिन्न नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी की अधिकारिता के भीतर कृत्य कर रहा है तो चार प्रतियां उसे भेजेगा ; और

(ii) उसकी एक प्रति उस नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को भेजेगा जिसकी अधिकारिता में अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कृत्य कर रहा है ।

(2) खाता लेखा नामनिर्देशन प्ररूप और संक्षिप्त की प्राप्ति पर अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी

(क) संक्षिप्त की तुलना खाता-लेखा की प्राधिकृत प्रति से करेगा ;

(ख) संक्षिप्त की एक प्रति, सम्यक्रूप से प्राप्ति-पुष्टि के साथ, अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को वापस भेजेगा ;

(ग) यथास्थिति, संक्षिप्त की शेष प्रतिया प्रतियों को, सम्यक् रूप से प्राप्ति-पुष्टि के साथ, अपने नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा ;

(घ) स्थानान्तरित कर्मचारी के संबंध में एक खाता-लेखा खोलेगा जिसमें, उसके नाम में जमा निक्षेपों की वे रकमें और ब्याज जो अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से प्राप्त खाता-लेखा की प्राधिकृत प्रति में दर्शाई गई हों, दर्ज करेगा, और खाता-लेखा के टिप्पण स्तम्भ में सुस्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा कि प्रविष्टियों का आधार अन्तरण है ; और

(ङ) खाता-लेखा और संक्षिप्त की प्राधिकृत प्रति निर्देश से, उन मासों के लिये निक्षेपों पर जिनके लिये ब्याज पहले जमा नहीं किया गया हो, यथा अनुज्ञात ब्याज की संगणना करेगा और उसे खाता-लेखा में जमा करेगा ।

(3) जहां कोई कर्मचारी एक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से दूसरे की अधिकारिता में स्थानान्तरण किया जाता है और वे एक ही नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी की अधिकारिता में हो तो नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी, अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से संक्षिप्त की प्रति की प्राप्ति पर और यह सत्यापन कर लेने के पश्चात् कि अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से प्राप्त प्रति वैसी ही है जैसी कि अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से प्राप्त प्रति, दोनों संबंधित विनिर्दिष्ट प्राधिकारियों के खातों में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा ।

(4) जहां किसी कर्मचारी के स्थानान्तरण के परिणामस्वरूप, नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी कोई भिन्न प्राधिकारी है तो वह नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी जिसकी अधिकारिता में अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कृत्य कर रहा है अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से उप-पैरा (i) के खंड (घ) के उप-खंड (ii) में निर्दिष्ट संक्षिप्ति की प्रति प्राप्त होने पर,—

(क) अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से उस नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी के माध्यम से जिस के अधीन अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कृत्य करता है, संक्षिप्ति की प्राप्ति पुष्ट प्रति की प्रतीक्षा करेगा और यह सत्यापन कर लेने के पश्चात् कि अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से प्राप्त प्रति वैसी ही है और जैसी कि अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से प्राप्त प्रति, अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के खाता-लेखा में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा ; और

(ख) निक्षेप कार्यालय को, और साथ ही साथ उस नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को जिसके अधीन अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कृत्य करता है, अन्तरित रकमों की सूचना देगा ।

(5) उप-पैरा (4) के अधीन आने वाले मामलों में, वह नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी जिसकी अधिकारिता के अधीन अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कृत्य करता है—

(क) अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के खाते में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा ;

(ख) प्राप्ति पुष्ट संक्षिप्ति की एक प्रति उस नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा जिसकी अधिकारिता के अधीन अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कृत्य करता है ; और

(ग) अन्तरण के आधार पर प्राप्त रकमों की सूचना निक्षेप कार्यालय को देगा ;

(6) इस पैरा में अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी और वह नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी, जिसके अधीन अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कृत्य करता है, में—

(क) अतिरिक्त उपलब्धियां अनिवार्य निक्षेप (सरकारी कर्मचारी) स्कीम, 1974;

(ख) अतिरिक्त उपलब्धियां अनिवार्य निक्षेप (सरकारी और स्थानीय प्राधिकारी के कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारी) स्कीम, 1974,

में विनिर्दिष्ट तत्स्थानी प्राधिकारी सम्मिलित हैं ।

14. **कर्मचारियों का वार्षिक लेखा विवरण** .—(1) विनिर्दिष्ट प्राधिकारी, नियत दिन से एक वर्ष समाप्त हो जाने के पश्चात तथा प्रत्येक उत्तरवर्ती वर्ष की समाप्ति पर, यथा-सम्भव शीघ्र, प्रत्येक कर्मचारी को एक लेखा विवरण प्ररूप 'ड' में देगा ।

(2) कर्मचारी, लेखा विवरण की प्राप्ति के एक मास के भीतर, अपने खाता-लेखा के अतिशेष की स्वीकृति, या उसकी अस्वीकृति के कारण, संसूचित करेगा ।

(3) विनिर्दिष्ट प्राधिकारी, उप पैरा (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक वर्ष की समाप्ति के छह सप्ताह के भीतर, पूरे स्थापन के लिए खाता लेखा की संक्षिप्ति नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को प्ररूप 'ढ' में भेजेगा ।

(4) विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कर्मचारी को, यदि वह ऐसी वांछा करे तो, वार्षिक लेखा विवरण में दिखाई गई प्रविष्टियों का सत्यापन खाता-लेखा की प्रविष्टियों से करने के लिए सभी समुचित सुविधाएं प्रदान करेगा ।

15. **कटौतियों का प्रमाणपत्र**.—विनिर्दिष्ट प्राधिकारी, ऐसे प्रत्येक कर्मचारी को जो अनिवार्य निक्षेप स्कीम (आय-कर दाता) अधिनियम, 1974 (1974 का 38) के अधीन अनिवार्यतः निक्षेप करने के दायित्वाधीन हैं, 31 मार्च, को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान कर्मचारी कर्मचारी के खाता-लेखा में जमा की गई रकमों (ब्याज से भिन्न) को दर्शित करते हुए, प्ररूप 'ण' में एक प्रमाणपत्र उस वर्ष की समाप्ति के एक मास के भीतर, जारी करेगा ।

16. **दस्तावेजों की दूसरी प्रतिलिपि जारी किया जाना**.—पैरा 14 के उप-पैरा (1) के अधीन दिए गए वार्षिक लेखा विवरण या पैरा 15 के अधीन जारी किए गए कटौतियों के प्रमाण-पत्र के खो जाने या नष्ट हो जाने की स्थिति में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी, यदि उससे इस निमित्त निवेदन किया जाए तो, कर्मचारी को एक दूसरी प्रति जारी करेगा और ऐसी दूसरी प्रति जारी करने के लिए विनिर्दिष्ट प्राधिकारी हर प्रति के लिए अधिक से अधिक पचास पैसे फीस प्रभारित कर सकता है ।

17. **बकाया की वसूली**—(1) जहां, किसी कारणवश, विनिर्दिष्ट प्राधिकारी पैरा 7 के उप-पैरा (1) में विनिर्दिष्ट अंतिम दिन के पश्चात् कोई प्रेषण निक्षेप खाता में जमा करने के लिए करता है वहां वह —

(क) उस अवधि के लिए जिसके लिए प्रेषण नहीं किया गया हो, सरकारी खजाने में विलम्बित प्रेषण की ब्याज की वांछित रकम का, धारा 23 के अधीन विनिर्दिष्ट दर पर, चार प्रतियों में प्ररूप 'त' में चालान के साथ निक्षेप करेगा; और

(ख) खजाना से प्राप्ति पुष्ट चालान की और खजाना से अभिप्राप्त प्राप्ति पुष्ट चालान की एक प्रति पैरा 7 के उप-पैरा (2) के अधीन प्रेषण के साथ संलग्न दस्तावेजों के साथ संलग्न करेगा ।

(2) यदि धारा 20 की उपधारा (2) के अधीन निरीक्षण के क्रम में किसी ऐसी रकम के जमा करने या प्रेषण में कोई ऐसा लोप या विलम्ब नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी या इस निमित्त प्राधिकृत किसी व्यक्ति की जानकारी में आता है, जो कि, यथास्थिति, अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप-खाता में जमा की जानी चाहिए थी या नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रेषित की जानी चाहिए थी, वहां ऐसा प्राधिकारी या व्यक्ति उस विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से, जिसके सम्बन्ध में ऐसा लोप या विलम्ब उसकी जानकारी में आया है, अविलम्ब, यथास्थिति, आवश्यक कटौती या प्रेषण करने की और रकम को उप-पैरा (1) के अनुसार निक्षिप्त करने की अपेक्षा करेगा ।

18. **लेखाओं की संपरीक्षा**:—(1) जहां किसी स्थापन के लेखाओं और अन्य सुसंगत अभिलेखों की किसी संपरीक्षक द्वारा संपरीक्षा अपेक्षित है वहां ऐसा संपरीक्षक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा इस स्कीम के अधीन रखे गए लेखाओं और अन्य सुसंगत अभिलेखों की भी संपरीक्षा करेगा और उनकी संपरीक्षा रिपोर्ट नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा ।

(2) (क) उप-परा (1) में किसी बात के होते हुए भी, अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाता और अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खाते के संबंध में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी और नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा रखे गए लेखाओं और अन्य सुसंगत अभिलेखों की संपरीक्षा भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा या उसके द्वारा इस निमित्त नियक्त किसी व्यक्ति द्वारा भी की जा सकती है ।

(ख) विनिर्दिष्ट प्राधिकारी और नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी उपरोक्त लेखाओं और अन्य सुसंगत अभिलेखों का परिरक्षण निक्षेपों और उन पर शोध्य ब्याज के प्रतिसंदाय के पश्चात् तीन वर्ष की अवधि पर्यन्त अथवा उस अवधि पर्यन्त जब तक कि भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक द्वारा उल्लिखित आक्षेपों का, यदि कोई हों, निपटारा नहीं हो जाता, दोनों में से जो भी अवधि पश्चात्वर्ती हो, किया जाएगा ।

[पैरा 2 (घ) देखिए]

प्रथम अनुसूची

नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी, उनकी अधिकारिता और उनकी ओर से प्रेषण प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत भारतीय रिज़र्व बैंक/भारतीय स्टेट बैंक की शाखाएं (निक्षेप कार्यालय) दर्शित करने वाला विवरण

क्रम संख्या	नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी और उसका पता	अधिकारिता	निक्षेप कार्यालय
1	2	3	4
1.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (आन्ध्र प्रदेश), गांधी भवन, मुख राम जाही रोड, हैदराबाद ।	आन्ध्र प्रदेश राज्य और पाण्डिचेरी संघ राज्यक्षेत्र का यनम क्षेत्र ।	भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद ।
2.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (असम), शान्ति निवास, लेटुमखड़ा, शिलांग–3 ।	असम, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा राज्य तथा मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश संघ राज्यक्षेत्र ।	भारतीय स्टेट बैंक, शिलांग ।
3.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (बिहार) पाटलीपुत्र पथ, राजेन्द्र नगर, पटना–16 ।	बिहार राज्य	भारतीय रिज़र्व बैंक, पटना ।
4.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (गुजरात), दलाल वाड़ा, विद्युत घर के सामने, रिलीफ रोड, लाल दरवाजा, अहमदाबाद ।	गुजरात राज्य तथा दादरा और नागर हवेली संघ राज्यक्षेत्र ।	भारतीय रिज़र्व बैंक, अहमदाबाद ।
5.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (कर्नाटक), ग्लेनबर्न, 8, रेजीडेंसी रोड, बंगलौर–25 ।	कर्नाटक राज्य	भारतीय रिज़र्व बैंक, बंगलौर ।
6.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (केरल), टी० सी० संख्या 13/256–256ए, रेजीडेंसी रोड के निकट, थाइकौड, त्रिवेन्द्रम् ।	केरल राज्य, पाण्डिचेरी संघ राज्यक्षेत्र महे क्षेत्र और लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र ।	भारतीय स्टेट बैंक, त्रिवेन्द्रम ।
7.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मध्य प्रदेश), द्वितीय मंजिल, शिल विलास पैलेस, राजवाड़ा चौक, इन्दौर ।	मध्य प्रदेश राज्य	भारतीय स्टेट बैंक, इन्दौर ।

1	2	3	4
8.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (महाराष्ट्र), भविष्य निधि भवन, 341, बन्द्रा ईस्ट, मुम्बई–51 ।	महाराष्ट्र राज्य तथा गोवा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्र ।	भारतीय रिजर्व बैंक, मुम्बई (फोर्ट) ।
9.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (उड़ीसा), न्यू केपिटल, भुवनेश्वर–1 ।	उड़ीसा राज्य	भारतीय रिजर्व बैंक, भुवनेश्वर ।
10.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (पंजाब), एस०सी०ओ० संख्या 4 से 7, सैक्शन 17/डी, चण्डीगढ़	(1) पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश राज्य तथा चण्डीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र,	भारतीय स्टेट बैंक, चण्डीगढ़ ।
		(2) जम्मू और कश्मीर राज्य ।	भारतीय स्टेट बैंक श्रीनगर ।
11.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (राजस्थान), 12, सरूप विला, तख्तशी रोड, न्यू राम बाग सर्किल, जयपुर–4 ।	राजस्थान राज्य	भारतीय स्टेट बैंक, जयपुर ।
12.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (तमिलनाडु), 22/23, रोयपेट्टाह हाई रोड, मद्रास–14 ।	तमिलनाडु राज्य तथा संघ राज्यक्षेत्र पांडिचेरी के पांडिचेरी और कैकाल क्षेत्र ।	भारतीय रिजर्व बैंक, मद्रास ।
13.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (उत्तर प्रदेश), निधि भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर ।	उत्तर प्रदेश राज्य	भारतीय रिजर्व बैंक, कानपुर ।
14.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (पश्चिमी बंगाल) 24, पार्क-स्ट्रीट, कलकत्ता–16 ।	पश्चिमी बंगाल राज्य तथा अन्दमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्यक्षेत्र ।	भारतीय रिजर्व बैंक, कलकत्ता ।
15.	क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (दिल्ली), 16-बी, पूसा रोड, नई दिल्ली–5 ।	दिल्ली संघ राज्यक्षेत्र	भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली–1 ।

प्रारूप क

(पैरा 7 देखिए)

*निक्षेप कार्यालय द्वारा, न कि निक्षेप द्वारा, भरा जाना है ।

द्वितीय अनुसूची
चालान–मूल दूसरी प्रति

कूट सं० ———

*1. खाता फोलियो सं०——— **चालान की क्रम सं० ———

*2. चेक/मांग देय ड्राफ्ट की विशिष्टियां

सं० और तारीख | बैंक और शाखा का नाम जिस के नाम में है | रु०

भारतीय रिजर्व बैंक/भारतीय स्टेट बैंक
अतिरिक्त उपलब्धियां (अनिवार्य निक्षेप) मजदूरी खाता ।

———————————के अतिरिक्त उपलब्धियां
(नाम निर्दिष्ट प्राधिकारी का नाम)
(अनिवार्य निक्षेप) मजदूरी खाते में ————रु०
(केवल———— रुपये) जो कि ————197
के मास के लिए कर्मचारियों की उपलब्धियों में से कटौती की गई अतिरिक्त मजदूरी है, संदत्त किए गए ।
स्थानीय प्राधिकारी का कार्यालय————————
और पता————————

*पारित करने वाला पदधारी ————

* अन्तरण तालिका————

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर

**टिप्पण

क्रम संख्या एक निरन्तर क्रम संख्या होगी ।

जब चालान का उपयोग अतिरिक्त उपलब्धियां अनिवार्य निक्षेप (सरकार और स्थानीय प्राधिकारी के कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारी) स्कीम, 1974 के पैरा 12 के उप–पैरा (4) के अधीन प्रयोजन के लिए किया जाए तब उसके ऊपर के बाएं कोने में "असंवितरित रकम की वापसी" शब्द सुस्पष्टतः अंकित किए जाएंगे ।

प्ररूप ख

(पैरा 7 देखिए)

कूट सं०————

**चालान की क्रम सं० ———

(निक्षेप कार्यालय द्वारा, न कि निक्षेपक द्वारा, भरा जाना है)

*1. खाता पक्षा सं०————

*2. चेक/मांगदेय ड्राफ्ट की विशिष्टयां ————

————

सं० और बैंक और शाखा का रु०
तारीख नाम जिसके नाम में है

————

————

*3. प्रारित करने वाला पदधारी

————

*4. अन्तरण तालिका————

चालान—मूल/दूसरी प्रति

भारतीय रिजर्व बैंक/भारतीय स्टेट बैंक

अतिरिक्त उपलब्धियां (अनिवार्य निक्षेप) महंगाई भत्ता खाता ————————के अतिरिक्त उपलब्धियां

(नाम निर्दिष्ट प्राधिकारी का नाम)

(अनिवार्य निक्षेप)

महंगाई भत्ता खाते के जमाखाते में संदत्त————रु० (केवल————————रुपये), जो कि ———— 197 के माम के लिए कर्मचारियों की उपलब्धियों से काटा गया अतिरिक्त महंगाई भत्ता है, संदत्त किए गए ।

स्थानीय प्राधिकारी का कार्यालय और पता————————

————————

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर,

*टिप्पण—

क्रम संख्या एक निरन्तर क्रम संख्या होगी ।

जब चालान का उपयोग अतिरिक्त उपलब्धियां अनिवार्य निक्षेप (सरकार और स्थानीय प्राधिकारी के कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारी) स्कीम, 1974 के पैरा 12 के उप पैरा (4) के अधीन प्रयोजन के लिए किया जाए तब उसके ऊपर के बाएं कोने में "असंवितरित रकम की वापसी" शब्द सुस्पष्टतः अंकित किए जाएंगे ।

प्ररूप ग

(पैरा 7 देखिए)

संदाय प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि ———————————— ने क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अ० उ० (अ नि) मजदूरी/महंगाई भत्ता खाता के पक्ष में ———————— ————————बैंक की ————————————शाखा के नाम काटा गया और वहां संदेय ————————————रुपये (केवल ———————————— रुपये) को एक मांगदेय ड्राफ्ट, संख्या ————————————, तारीख ————————————, हमसे क्रय किया है ।

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को

आवंटित कूट संख्या————————

————————————

शाखा प्रबन्धक

———————————— बैंक

———————————— शाखा

* जो लागू न हो, उसे काट दीजिए ।

प्ररूप घ

(पैरा 7 देखिए)

रसीद

प्रमाणित किया जाता है कि ———————————— के नाम पर ————————————को काटे गए चैक सं० ————————————द्वारा हमारे पास निक्षिप्त————————————रु० (केवल ———————— रुपये) की राशि क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त के अतिरिक्त उपलब्धियां (अनिवार्य निक्षेप) मजदूरी/महंगाई भत्ता खाते* में जमा कर दी गई है।

कूट सं० ————————————

मुद्रा ————————————

————————————

भारतीय रिजर्व बैंक का शाखा प्रबन्धक

———————————— शाखा

*जो लागू न हो, उसे काट दीजिए।

प्ररूप 'ङ'

(पैरा 7 देखिए)

अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाता/अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खाता में जमा करने के लिए पेषणों का विवरण

1. क्रम सं० *:
2. स्थापन का नाम और पता :
3. आवंटित कूट सं० :
4. कर्मचारियों की संख्या, जिनकी ओर से निक्षेप किए गए हैं :
5. प्रेषण के ब्यौरे

निक्षेप की प्रकृति	प्रेषित कुल रकम	चालान सं० और तारीख़	स्तम्भ (2) में की वह रकम जिस पर प्रेषण के मास के लिए ब्याज नही लगेगा।
	रु०		रु०।-
1	2	3	4
अतिरिक्त मजदूरी			
अतिरिक्त महंगाई भत्ता			

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त रकमें ——————————को संवितरित उपलब्धियों में से की गई कटौतियों से सम्बन्धित हैं। (यहां तारीख/तारीखें लिखिए)

तारीख

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर,

मुद्रा ।

*क्रम संख्या एक निरन्तर क्रम संख्या होगी।

प्ररूप 'ध'

[पैरा 2 (छ) और 8 देखिए]

अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाता/अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खातें की बाबत खाता लेखा

तारीख ब्याज की दर कर्मचारी का नाम :
फोलियों/खाता सं०

अतिरिक्त उपलब्धियां अनिवार्य निक्षेप (सरकारी और स्थानीय प्राधिकारियों के कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारी) स्कीम, 1974 के पैरा 9 के अधीन यथा-नाम-निर्देशित नाम-निर्देशिती ।

नाम-निर्देशन की प्राप्ति की तारीख:

भाग—क

मास	अतिरिक्त मजदूरी			टिप्पणियां	अतिरिक्त महंगाई भत्ता			टिप्पणियां
	मास के दौरान किए गए निक्षेप	निक्षेपों का उत्तरोत्तर योग	ब्याज		मास के दौरान किए गए निक्षेप	निक्षेपों का उत्तरोत्तर योग	ब्याज	
	रु०	रु०	रु०		रु०	रु०	रु०	
1	2	3	4	5	6	7	8	9

टिप्पण —खाता-लेखा अतिरिक्त उपलब्धियां (अनिवार्य) निक्षेप अधिनियम, 1974 की धारा 6 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान भाग 'क' में रखा जाएगा ।

टिप्पण 2— स्तम्भ (1) में "मास" कटौतियों का मास होगा, न कि ऐसा मास जिससे अतिरिक्त मजदूरी या अतिरिक्त महंगाई सम्बन्धित है, प्रतिसंदाओं की दशा में, स्तम्भ (1) में मास प्रतिसदाय का मास होगा ।

टिप्पण 3— अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान प्रतिसंदाय ऋण-प्रविष्टि के रूप में लाल स्याही में दर्शित किए जाएंगे ।

टिप्पण 4— (क) ब्याज सम्पूर्ण वर्ष के लिए वर्ष की समाप्ति पर जमा किया जा सकेगा ।

(ख) ब्याज, उस मास के, जिसमें प्रतिसदाय निविदत्त किया जाए या कर्मचारी स्थानान्तरित किया जाए या ब्याज की पुनरीक्षित दर लागू हो, ठीक पूर्ववर्ती मास की समाप्ति तक की अवधि के लिए जमा किया जाएगा ।

प्ररूप "च" (जारी)

भाग-ख

	अतिरिक्त मजदूरी	अतिरिक्त महंगाई भत्ता
I निक्षेप		
1.—अग्रानीत अतिशेष	रकम, जैसी कि वह———को थी*	रकम, जैसी कि वह———को थी*
(क) जिस पर ब्याज उपार्जित हो रहा है		
(ख) जिस पर ब्याज उपार्जित नहीं हो रहा है ।		
(ग) योग		
2. प्रतिसंदाय के लिए शोध्य रकम		
3. प्रतिसंदत्त रकम		
4. अतिशेष		
(क) जिस पर ब्याज उपार्जित हो रहा है		
(ख) जिस पर ब्याज उपार्जित नहीं हो रहा है		
(ग) योग		
II. ब्याज		
1.—अग्रानीत		
2. उपार्जित		
3. सदत्त		
4. अतिशेष		
III. वाउचर सं० और संदाय की तारीख		
(क) निक्षेप		
(ख) ब्याज		
IV. टिप्पणियां		

*प्रविष्टियां प्रति वर्ष की जाएंगी या उस स्थिति में उससे पूर्व की जाएंगी जब प्रतिसंदाय किया जाए या जब कोई खाता अन्तरित किया जाए या ब्याज की दर परिवर्तित की जाए। ऐसी स्थिति के घटित होने का मास या वर्ष स्तम्भ के शीर्षक में रिक्त स्थान में अभिलिखित किया जाएगा ।

टिप्पण 1— खाता-लेखा अतिरिक्त उपलब्धियां (अनिवार्य) निक्षेप, 1974 की धारा 6 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर भाग 'ख' में रखा जाएगा ।

टिप्पण 2— ब्याज, उस मास के, जिसमें प्रतिसंदाय विर्विद किया जाए या कर्मचारी स्थानान्तरित किया जाए या ब्याज की पुनरीक्षित दर लागू हो, ठीक पूर्ववर्ती मास की समाप्ति तक की अवधि के लिए जमा किया जाएगा ।

प्ररूप "छ"

(पैरा 9 देखिए)

नाम निर्देशन प्ररूप

भाग –क

सेवा में;

मैं नीचे उल्लिखित व्यक्ति/ व्यक्तियों को नामनिर्दिष्ट करता हूं, जिन्हें, मेरी मृत्यु होने की दशा में, अतिरिक्त उपलब्धियां (अनिवार्य निक्षेपमें अधिनियम, 1974 के अधीन मेरे अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाते / अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खाते में मेरे नाम में जमा रकम मेरी मृत्यु के समय देय होगी :—

क्रम सं०	नामनिर्देशिती का नाम	पूरा पता	जहां नामनिर्देशित अवयस्क है, वहां नाम निर्देशिती के जन्म की तारीख
1	2	3	4

2. क्योंकि ऊपर विनिर्दिष्ट क्रम संख्या (संख्याओं) के सामने उल्लिखित नाम निर्देशिती अवयस्क / हैं, मैं श्री ——————————(नाम और पूरा पता) को उस व्यक्ति के रूप में नियुक्त करता हूं जो मेरी मृत्यु होने की दशा में, नाम निर्देशिती की अवयस्कता की स्थिति में, उक्त खाते के अन्तर्गत शोध्य राशि प्राप्त करेगा

साक्षी——————————

नाम और पूरा पता

——————————

कर्मचारी के हस्ताक्षर

भाग–ख (विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भरा जाना है)

नाम निर्देशन ——————————को प्राप्त हुआ था और खाता लेखों में दर्ज कर दिया गया है ।

तारीख ——————————

——————————

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर ।

प्ररूप ज
(पैरा 9 देखिए)

पहले किए गए नामनिर्देशन के रद्दकरण या परिवर्तन के लिए आवेदन

भाग —क

सेवा में,

———————

———————

मैं, अतिरिक्त उपलब्धियां, (अनिवार्य निक्षेप) अधिनियम, 1974 के प्रधीन अपने अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाते और अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खाते की बाबत उस नामनिर्देशन को रद्द करता हूं जो मैंने किया था ।

*2. रद्दकृत नामनिर्देशन के स्थान पर, मैं नीचे उल्लिखित व्यक्ति/ व्यक्तियों को नामनिर्दिष्ट करता हूं जो मेरी मृत्यु होने पर, अन्य सभी व्यक्तियों का अपवर्जन करते हुए, उक्त खाते में शोध्य राशि के प्रतिसंदाय का हकदार बन जाएगा/ जाएंगे :—

क्रम सं०	नामनिर्देशिती का नाम	पूरा पता	जहां नामनिर्देशिती अवयस्क है, वहां नामनिर्देशिती के जन्म की तारीख
1	2	3	4

*3. क्योंकि ऊपर विनिर्दिष्ट क्रम संख्या/संख्याओं के सामने उल्लिखित नामनिर्देशिती अवयस्क है / हैं, मैं———————————— नाम और पूरा पता) को ऐसे व्यक्ति के रूप में नियुक्त करता हूं जो मेरी मृत्यु होने की दशा में, नामनिर्देशिती की आवयस्कता की स्थिति में उक्त खाते के अन्तर्गत शोध्य राशि प्राप्त करेगा ।

———————

कर्मचारी के हस्ताक्षर,

साक्षी ————————————

———————

(नाम और पूरा पता)

भाग —ख (विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भरा जाना है)

नामनिर्देशन ————————————————को प्राप्त हुआ था और खाता-बही में दर्ज कर दिया गया है ।

———————

तारीख ———————

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर ।

* यदि लागू न हो तो काट दीजिए ।

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी का लेखा

स्थापन का नाम
क्रम सं०

प्ररूप 'झ'
(परा 11 देखिए)

अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाता

मास	चालान सं०	बाउचर सं०	संक्षिप्ति सं० और तारीख	मास के प्रारम्भ में निक्षेप का अतिशेष	निक्षेप को रकम	अन्तरित रकम	अन्तरित/ प्रतिसंदत्त रकम	मास की समाप्ति पर निक्षेप का इतिशेष	मास के प्रारम्भ में ब्याज का अतिशेष	खाते में अन्तरित ब्याज	अन्तरित/ संदत्त ब्याज	मास के लिए जमा खाते डाला गया ब्याज	मास की समाप्ति पर ब्याज	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)			(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
जोड़														

प्ररूप 'ञ' (जारी)

अतिरिक्त मंहगाई भत्ता निक्षेप खाता

मास	चालान सं०	वाउचर सं०	संक्षिप्ति सं० और तारीख	मास के प्रारम्भ में निक्षेप का अतिशेष	निक्षेप की रकम	खाता में अतिरिक्त रकम	खाता से अन्तरित-प्रतिसंदत्त रकम	मास की समाप्ति पर निक्षेप का इतिशेष	मास के प्रारम्भ में ब्याज का अतिशेष	खाता में अन्तरित ब्याज	खाता मे अन्तरित/संदत्त ब्याज	मास के लिए जमाखाते डाला गया ब्याज	मास की समाप्ति पर ब्याज	टिप्पणियां
				रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०		
(14)		(15)		(16)	(17)	(18)	(19)	(20)	(21)	(22)	(23)	(24)	(25)	(26)
जोड़														

टिप्पणी 1—यथास्थिति प्ररूप 'क' या प्ररूप 'ख' में चालान की संख्या और तारीख चालान की संख्या और तारीख होगी ।

टिप्पणी 2—वाउचर संख्या और तारीख प्ररूप 'ट' 'प्रतिसंदाय की विशिष्टियां' में दी गई संख्या और तारीख होगी ।

टिप्पणी 3—संक्षिप्ति संख्या और तारीख प्ररूप 'ठ' 'संक्षिप्ति' में दी गई संख्या और तारीख होगी ।

प्रारूप—'अ'

(पैरा 12 देखिए)

नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी से अतिरिक्त मजदूरी और अतिरिक्त महंगाई भत्ते खातेमद्धे रकम के आदेश के लिए आवेदन

1. स्थापन का नाम :

2. कूट संख्या :

अतिरिक्त मजदूरी खाते मद्धे———रु०@ (केवल———रुपए) की राशि और अतिरिक्त महंगाई भत्ता खाते मद्धे———रु०@ (केवल———रुपए) की राशि जो नीचे उल्लिखित कर्मचारियों के लेखा-खातों में विद्यमान अनिवार्य निक्षेपों की रकमें हैं लेखा-खातों में जमा की गई अनिवार्य निक्षेपों की रकमों की प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ/पंचम और अन्तिम किश्त हैं, *तथा———रु०@ (केवल———रुपए) और ———रु०@ (केवल ———रुपए) जो, नीचे लिखे ब्योरों के अनुसार, संबंधित निक्षेप खाते पर शोध्य ब्याज है, कर्मचारियों को प्रतिसंदाय के प्रयोजनों के लिए अपेक्षित है । वह राशि बैंक ड्राफ्ट/चैक द्वारा, जिसपर 'पाने वाले के खाते' शब्द अंकित हो, संदत्त की जाये ।

क्रम सं०	कर्मचारी का नाम	खाता फोलियो सं०/खाता सं०	अतिरिक्त मजदूरी		अतिरिक्त महंगाई भत्ता		टिप्पणियां**
			निक्षेप की रकम रु०	शोध्य ब्याज रु०	निक्षेप की रकम रु०	शोध्य ब्याज रु०	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
जोड़							

प्रमाणित किया जाता है कि :

(1) स्तम्भ (4) और (6) के अधीन दर्शित रकमें संबंधित कर्मचारियों के संबंधित खाता-लेखाओं में वस्तुतः निक्षिप्त कर दी गई हैं और वे प्रतिसंदाय के लिए शोध्य रकमें हैं, और

(2) स्तम्भ (5) और (7) के अन्तर्गत दिखाई गई शोध्य ब्याज विदित रीति में और समय-समय पर लागू दरों पर संगणित की गई है ।

स्थान : विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर

तारीख :

मुद्रा :

*यदि कोई लागू न हो उसे काट दीजिए ।

@ अंकों में शब्दों में अंकित कीजिए ।

**सेवा के पर्यावधान की तारीख और उसके कारण, जहां लागू होता हो, उपदर्शित करें ।

प्ररूप 'ढ'

(पैरा 12 देखिये)

कर्मचारियों के अतिरिक्त मजदूरी/अतिरिक्त मंहगाई भता मदों में प्रतिसंदायों की विशिष्टियां

1. *प्रश्न संख्या :
2. स्थापन का नाम :
3. कूट सं० :
4. संवितरणों की विशिष्टियां :

नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी से प्राप्त रकम			संवितरित की गई रकम			वापस किया गया अतिशेष		
चेक मांगदेय ड्राफ्ट की सं० और तारीख	मूलधन	ब्याज	मूल धन ब्याज संदाय की तारीख			मूलधन	ब्याज	चालान सं० और वापस की तारीख
	रु०	रु०	रु०	रु०		रु०	रु०	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
क. अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाता								
ख. अतिरिक्त मंहगाई भता निक्षेप खाता								

5. उन कर्मचारियों के नाम जिन्हें प्रतिसंदाय नहीं किए जा सके और उसके कारण।

क्रम सं०	कर्मचारी का नाम	प्ररूप 'ञ' में की क्र० सं० (स्तम्भ (10) और तारीख	कारण	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

स्थान :

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर :

तारीख :

मुद्रा ।

*क्रम सं० निरन्तर क्रम सं० होनी चाहिए ।

प्रारूप 'ठ'

(परा 13 देखिये)

अन्तरिम खाते की संक्षिप्ति

भाग 'क'

अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भरे जाने हेतु

1. *क्रम संख्या :
2. स्थापन का नाम :
3. कूट संख्या :
4. स्थानान्तरित कर्मचारी का नाम और पदनाम :
5. स्थानान्तरण की तारीख :
6. खाता फोलियो/खाता संख्या :
7. ----------से स्थानान्तरित (स्थापन का नाम, उसकी कूट संख्या और पता)
8. ----------को स्थानान्तरित (स्थापन का नाम, उसकी कूट संख्या और पता)
9. अन्तरित रकमों के ब्यौरे

	रकम	किस तारीख तक निक्षेप किया गया है	संगणित ब्याज	तारीख जिस तक स्तम्भ 3 में ब्याज जमा खाते की गई है	वे निक्षेप जो ब्याज अर्जित नहीं करता	
					रकम	**किस मास के मास से की बाबत / ***किस
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6) (7)
(क)	अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप					
(ख)	अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप					

तारीख :

मुद्रा : विनिर्दिष्ट प्राधिकारी का हस्ताक्षर :

*क्रम संख्या निरन्तर क्रम संख्या होगी ।

**अतिरिक्त उपलब्धियां अनिवार्य निक्षेप (सरकारी और स्थानीय प्राधिकारियों के कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारी स्कीम 1974 के पैरा 10 का द्वितीय परन्तुक देखिये ।

***उक्त स्कीम के पैरा 10 का तृतीय परन्तुक देखिये ।

प्ररूप 'ठ' जारी

भाग 'ख'

अंतरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भरे जाने हेतु

———————————के विस्तृत भत्ता लेखा, खाता फोलियो संख्या ———————————, ऊपर भाग 'क' में की संक्षिप्त सहिष, की प्राप्ति स्वीकार की जाती है । कार्यालय में रखे गए खाते में कर्मचारी को फोलियो संख्या/खाता संख्या ————आवंटित की गई है और उसके खाते में अन्तरित रकमों की आवश्यक विष्टियां कर दी गई हैं ।

फट संख्या :

स्थान :

तारीख : विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर :

मुद्रा :

भाग 'ग'

उस नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भरे जाने हेतु जिसकी अधिकारियों में अन्तरिती **विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कृत्य कर रहा है** ।

प्रमाणित किया जाता है कि अन्तरित रकमें अन्तरिती विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाते/महंगाई भत्ता निक्षेप खाते में जमा कर दी गई है ।

(* और सम्बद्ध निक्षेप अनिवार्य की सूचित कर दिया गया है) ।

स्थान :

तारीख : नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर :

मुद्रा :

भाग 'घ'

उस नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भरे जाने हेतु जिसकी अधिकारिता में अन्तरक **विनिर्दिष्ट प्राधिकारी कृत्य कर रहा है** ।

प्रमाणित किया जाता है कि अन्तरित रकमें अन्तरक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाते/महंगाई भत्ता निक्षेप खाते में नामे डाल दी गई हैं ।

(*और सम्बद्ध निक्षेप कार्यालय को सूचित कर दिया गया है) ।

स्थान :

तारीख : नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर

*(यदि लागू न हो तो काट दीजिए) ।

प्रपत्र 'ङ'

(पैरा 14 देखिए)

————————————को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाता और अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खाता का लेखा विवरण

1. कर्मचारी का नाम :
2. खाता फोलियो / खाता संख्या :
3. कार्यालय का नाम :

मद	अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाता		अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खाता	
	मूलधन	ब्याज	मूलधन	ब्याज
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. अथ अतिशेष				
2. वर्ष के दौरान किए गए निक्षेप / अर्जित ब्याज				
3. वर्ष के दौरान किए गए प्रतिसंदाय / संदत्त ब्याज				
4. वर्ष की समाप्ति पर इतिशेष ।				

स्थान
तारीख
मुद्रा

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर :

(प्रतिपर्ण)

खाता फोलियो / खाता संख्या

†मैं उपरोक्त खाता विवरण को सही स्वीकार करता हूं ।

†मैं उपरोक्त खाता विवरण को निम्नलिखित कारणों से स्वीकार नहीं करता ।

स्थान

कर्मचारी के हस्ताक्षर :

तारीख

†जो लागू नहीं हो उसे काट दीजिए ।

प्ररूप 'ढ'

(पैरा 14 देखिए)

---------- को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए खाता लेखा की वार्षिक संक्षिप्ती

स्थापन का नाम----------

कूट संख्या----------

वर्णन	निक्षेप						ब्याज					
	पूर्ववर्ती वर्ष से अग्रनीत	खातों के अन्तरण के कारण इसमें अन्तरित	काटी गई और प्रेषित रकमें	प्रतिसंदत्त रकमें	खातों के अन्तरण के कारण इससे अन्तरित	वर्ष के अन्त में कर्मचारियों के नाम जमा इतिशेष	पूर्ववर्ती वर्ष से अग्रनीत	खातों के अन्तरण के कारण इसमें अन्तरित	वर्ष के दौरान अर्जित	संदत्त	खातों के अन्तरण के कारण इससे अन्तरित	वर्ष की समाप्ति पर कर्मचारियों के खाते में जमा रकमें
	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाता												
अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खाता												

प्रमाणित किया जाता है कि स्तम्भ (7) के अन्तर्गत निक्षेपों के अन्तशेष और स्तम्भ (13) के अन्तर्गत उन पर ब्याज खाता लेखा में कुल अतिशेष के समान हैं।

तारीख

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर

मुद्रा

प्ररूप 'ण'

(परा 15 देखिए)

कटौतियों का प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान श्री/श्रीमती ---------- के अतिरिक्त मजदूरी निक्षेप खाते और अतिरिक्त महंगाई भत्ता निक्षेप खाते में जमा रकम---------- रु० (केवल----------रुपए) है ।

(विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के हस्ताक्षर)

स्थान :

तारीख :

मुद्रा :

विनिर्दिष्ट प्राधिकारी का नाम
और पूरा पता

प्ररूप 'त'

(परा 17 देखिए)

सरकारी खजाने में विलम्बित कटौतियां/प्रेषणों पर ब्याज के निक्षेप के लिए चालान

चालान संख्या : केंद्रीय

भाग क— प्रेषक द्वारा भरे जाने हेतु

1. प्रेषक : (यहां विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के ब्यौरे और स्थापन की कूट संख्या दर्ज करें)	
2. प्रेषण का प्रयोजन :	विलम्बित कटौतियों/प्रेषणों पर ब्याज
3. वह विभाग जिससे प्रेषण सम्बन्धित है।	वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), भारत सरकार
4. प्रेषण का प्राधिकार	अतिरिक्त उपलब्धियां अनिवार्य निक्षेप (सरकार और स्थानीय प्राधिकारियों के कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारी) स्कीम, 1974 का पैरा 17
5. संदत्त रकम :	————रु० (केवल———— रुपए)
6. खाता शीर्ष :	065 – अन्य प्रशासनिक सेवाएं–ग । अन्य सेवाएं – अन्य प्राप्तियां ।
7. वे लेखा अधिकारी जिनके द्वारा समायोज्य है : (यहां केन्द्रीय संव्यवहारों से सम्बद्ध, राज्य में महा लेखापाल का उल्लेख करें)	
8. संदाय करने वाले का, — (क) नाम : (ख) हस्ताक्षर :	
9. संदाय का स्थान : (यहां सरकारी खजाने/उप-खजाने का नाम दर्ज करें)	

भाग ख—सरकारी खजाने/उप-खजाने द्वारा भरे जाने हेतु

———————————रु० (केवल ———————— रुपए) प्राप्त किए ।

(तारीख सहित) हस्ताक्षर :

कोषपाल लेखापाल : खजाना अधिकारी

[सं० फा० 2(3)–अ०नि०/74]

जाह्नवीसंट, संयुक्त सचिव ।

PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1974